प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1700बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पीएम–किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे, जिससे 9 करोड़ 26 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।

मंत्रिमण्डल

प्रदेश मंत्रिमण्डल ने पुलिस विभाग में आरक्षी कांस्टेबल के एक हज़ार 2 सौ 26 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने शिक्षा विभाग में 6 हज़ार 2 सौ 97 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6 हज़ार 6 सौ 30 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 2 सौ पद सृजित करने और भरने के अतिरिक्त, विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर व सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को भी मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में विभिन्न श्रेणियों के 84 पद सृजित कर भरने और नगर व ग्राम नियोजन विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 13 पद भरने की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमण्डल ने प्रदेश में वनों की आग, सूखे की स्थिति, जल संकट और मानसून की स्थिति की भी समीक्षा की।

उपचुनाव

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है। कांग्रेस पार्टी ने देहरा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों ने हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इन चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 21 जून तक जारी है। नामांकन के चौथे दिन भाजपा के हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी आशीष शर्मा ने आज हमीरपुर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और विधायक सुधीर शर्मा मौजूद रहे। देहरा व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। आशीष शर्मा के नामांकन के बाद हमीरपुर के गांधी चौक में आशीर्वाद रैली का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपनी एक भी घोषणा को अमली जामा नहीं पहनाया।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और कांग्रेस ने प्रदेश पर उपचुनाव थोप कर राज्य के हितों के साथ खिलवाड़ किया है। वे आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से उन्हें लगातार पांचवीं बार सांसद बनाने के लिए जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के ये तीन उपचुनाव भी लोकसभा के साथ हो जाने चाहिए थे लेकिन कांग्रेस ने इनमें जानबूझ कर विलंब किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले 16 महीनों में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य पर सिर्फ कर्ज बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के समय प्रदेश में जंगलों की आग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है और लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 18 महीनों में हमीरपुर और नादौन विधानसभा क्षेत्रों को कोई भी प्रोजेक्ट नहीं मिला है। उन्होंने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को विजयी बनाने का लोगों से आह्वान किया।

पंडोह डैम

मंडी सदर के एस.डी.एम. ओम कांत ठाकुर ने कहा है कि पंडोह डैम से कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है, जिससे सुकेती व ब्यास नदियों में जलस्तर बढ़ने की आशंका है। उन्होंने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि वे नदी किनारे न जाएं।

मुकेश अग्निहोत्री

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में जल स्त्रोत भी सूखने लगे हैं। राज्य के कई स्थानों सहित शिमला शहर में भी लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में पानी की कमी को लेकर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल शिमला में कहा कि सम्बधित विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को फील्ड में उतार दिया गया है और सभी की छुट्टियां रद्द करने के आदेश दिए गए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई पी एच की 10 हजार 67 स्कीमें है जिनमें से एक हजार 7 सौ 67 स्कीमों का पानी गर्मी के कारण काफी निचले स्तर पर चल रहा है।

....